पत्रांक–14 / ए०एफ०–12 / 2025........

बिहार सरकार

उच्च शिक्षा, शिक्षा विभाग

प्रेषक,

अमित कुमार पुष्पक,
सरकार के उप सचिव।

सेवा में,

कुलसचिव,
बी0 आर0 ए0 बिहार विश्वविद्यालय, मुजफ्फरपुर।

पटना, दिनांक........./ ........2025

विषयः– एम०पी० राय डिग्री महाविद्यालय, रेपुरा, मारकन, मुजफ्फरपुर को स्नातक कला, विज्ञान एवं वाणिज्य संकायों के विभिन्न विषयों में सत्र 2025–29 के लिए पास एवं प्रतिष्ठा स्तर का अस्थायी नव संबंधन प्रदान किए जाने के संबंध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषयक विश्वविद्यालय के पत्रांक–B/393 दिनांक–25.02.2025 के संबंध में निदेशानुसार कहना है कि बिहार राज्य विश्वविद्यालय अधिनियम 1976 की धारा 21 (2) (d) के अधीन एवं राज्यपाल सचिवालय द्वारा निर्गत परिनियम 1098 दिनांक–19.04.1986, पत्रांक 3196 दिनांक–14.12.2017 एवं पत्रांक–3074 दिनांक–25.10.2019 के आलोक में राज्य सरकार द्वारा एम०पी० राय डिग्री महाविद्यालय, रेपुरा, मारकन, मुजफ्फरपुर को स्नातक कला, विज्ञान एवं वाणिज्य संकायों के विभिन्न विषयों में सत्र 2025–29 के लिए पास एवं प्रतिष्ठा स्तर का अस्थायी नव संबंधन की सहमति इस शर्त के साथ प्रदान की जाती है कि महाविद्यालय के द्वारा सत्र आरंभ करने से पूर्व यू०जी०सी० के अद्यतन मानक के अनुरूप अपेक्षित संख्या में शिक्षकों की नियुक्ति सुनिश्चित कर ली जायेगी :–

| | संकाय | विशय | अभियुक्ति |
|---|---|---|---|
| 01 | कला संकाय (पास एवं प्रतिष्ठा) | हिन्दी, अंग्रेजी, इतिहास, अर्थशास्त्र, राजनीति विज्ञान, मनोविज्ञान, भूगोल, संगीत, संस्कृत, दर्शनशास्त्र (कुल 10 विषयों में) | 2025–29 के लिए अस्थायी नव संबंधन। |
| 02 | विज्ञान संकाय (पास एवं प्रतिष्ठा) | भौतिकी, रसायनशास्त्र, गणित, जंतु विज्ञान, वनस्पति विज्ञान एवं इलेक्ट्रॉनिक्स (कुल 06 विषयों में) | 2025–29 के लिए अस्थायी नव संबंधन। |
| 01 | वाणिज्य संकाय (पास एवं प्रतिष्ठा) | एकाउन्ट, बिजनेस इनवारनमेंट, फिनांस, कॉर्पोरेट एडमिनिस्ट्रेशन (कुल 04 विषयों में) | 2025–29 के लिए अस्थायी नव संबंधन। |

*प्रस्ताव पर माननीय मंत्री, शिक्षा विभाग, बिहार, पटना का अनुमोदन प्राप्त है।*

विश्वासभाजन

ह0 / –

(अमित कुमार पुष्पक)
सरकार के उप सचिव।

S_AF_215

ज्ञापांकः–14/ए०एफ०–12/2025...590 पटना, दिनांक 14/05/2025

प्रतिलिपिः– माननीय शिक्षा मंत्री के आप्त सचिव/अपर मुख्य सचिव, शिक्षा विभाग के आप्त सचिव/सचिव, शिक्षा विभाग के निजी सहायक/उप सचिव, शिक्षा विभाग/निदेशक, उच्च शिक्षा के निजी सहायक/उप निदेशक, उच्च शिक्षा, शिक्षा विभाग/सचिव, एम०पी० राय डिग्री महाविद्यालय, रेपुरा, मारकन, मुजफ्फरपुर को सूचनार्थ प्रेषित।

2. आई0 टी0 मैनेजर, शिक्षा विभाग को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

14/05/25

सरकार के उप सचिव।

S_AF_216